कार्यालय-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर नगर।

(कार्यालय विज्ञप्ति)

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर नगर में संधिकर्ताओं की आबद्वता के संबंध में विज्ञप्ति प्रकाशित की जा रही है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निम्नलिखित शर्तों को पूर्ण कर आवेदन कर सकते हैं-

1. आवेदक भारत का नागरिक हो।
2. आवेदक समाजशास्त्र या मनोविज्ञान में से किसी एक विषय में स्नातक की डिग्री रखता हो और सामाजिक कार्य का भी अनुभव हो।
3. जो आवेदक सामाजिक कार्य में मास्टर डिग्री धारक हो और पारिवारिक काउंसलिंग में दो वर्ष का अनुभव रखता हो उसे वरीयता दी जायेगी।
4. उपरोक्त अर्हता पूरी न होने की स्थिति में प्रतिष्ठित समाज सेवी व्यक्तियों, सेवानिवृत्त न्यायाधीशों, अधिकारियों अध्यापकों को वरीयता दी जायेगी।
5. आवेदक की आयु आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने के दिनांक को 35 वर्ष से 65 वर्ष के मध्य हो।
6. संधिकर्ता का कार्यकाल 02 वर्ष का होगा।
7. संधिकर्ता के पद पर नियुक्ति शायकीय सेवा में नियुक्त नहीं मानी जायेगी और वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरंण, कानपुर नगर से संविदा के आधार पर सम्बद्ध रहेंगे।
8. नियुक्त संधिकर्ता को शासनादेश के अनुसार प्रति बैठक नियत रू0 750/- मानदेय देय होगा।
9. आवेदन के साथ हाईस्कूल तथा स्नातक का अंक-पत्र संलग्न किया जाना आवश्यक है।
10. आवेदकों का चयन साक्षात्कार द्वारा किया जायेगा। साक्षात्कार की नियत तिथि की सूचना जरिए मोबाइल नंबर दी जायेगी।

जो व्यक्ति इस पद पर नियुक्ति होने के इच्छुक हों, वे अपना आवेदन-पत्र शैक्षिक एवं अनुभव प्रमाण-पत्रों की छाया प्रति सहित दिनांक- 16.12.2019 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सांय 04:00 बजे तक पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत कर सकते है।

नोट- आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्यालय से किसी भी कार्यदिवस में 11:00 बजे से 04:00 के बीच नि:शुल्क प्राप्त कर सकते है।

दिनांक- 26.11.2019

(चिन्ता राम)
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
कानपुर नगर।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. प्रभारी अधिकारी नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय कानपुर नगर को इस आशय से प्रेषित कि वे उक्त आदेश की प्रति नजारत अनुभाग तथा प्रशासनिक कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये जाने हेतु।
2. जिला सूचना अधिकारी कानपुर नगर को स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
3. नोडल अधिकारी, केन्द्रीय कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय, कानपुर नगर को जनपद न्यायालय कानपुर नगर व माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड कराये जाने हेतु।

दिनांक- 26.11.2019

(चिन्ता राम)
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
कानपुर नगर।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर नगर में परामर्शदाता हेतु

आवेदन पत्र का प्रारूप

फोटो

1. पद का नाम* ....
2. अभ्यार्थी का नाम* ....
3. पिता/पति का नाम* ....
4. स्थाई पता* ....
5. पत्राचार हेतु पता* ....
6. मोबाइल नं0* .... ई-मेल ....
7. जन्मतिथि* ....
8. दिनांक* .... को अभ्यर्थी की आयु* ....वर्ष..........माह......दिन........

   जन्म तिथि के लिए हाईस्कूल परीक्षा या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समकक्ष प्रमाण पत्र की प्रमाणित फोटो प्रति संलग्न करें।
9. शैक्षिक योग्यता उत्तीर्ण परीक्षाओं का उल्लेख करें और प्रमाण पत्रों अंक तालिकाओं की प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें।
10. शैक्षिक योग्यता का विवरण*:-

क्रम0सं0	परीक्षा का नाम	संस्था का नाम	वर्ष	श्रेणी

11. क्या अभ्यर्थी के विरुद्ध कोई आपराधिक वाद लम्बित है अथवा उसे किसी आपराधिक वाद में दण्डित किया गया है। (यदि हां तो उसका उल्लेख करें।)* हां/नहीं

    ....

नोटः- यह आवेदन पत्र में अंकित किया जाना आवश्यक है।

घोषणा पत्र

मैं ....पिता/पति ....यह घोषणा करता/करती हूँ कि उपर्युक्त विवरण सूचनाएं सत्य है और मैंने कोई तथ्य नहीं छिपाया है, यदि कोई विवरण सूचना असत्य अथवा गलत पायी जाती है या कोई तथ्य मेरे द्वारा छिपाया जाना पाया जाता है तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाये यदि नियुक्ति हो जाने के उपरान्त ऐसी स्थिति प्रकाश में आये तो मेरी सेवाएं समाप्त कर दी जाये।

संलग्नों की संख्याः-

1. अंको एवं शब्दो में ....
2. विवरण ....
3. तिथि .... स्थान...

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर...............................